सादर प्रकाशनार्थ

राजस्थान मिशन 2030 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

कपासन 4 सितम्बर 2023, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार राजस्थान सरकार के अभियान ''**राजस्थान मिशन 2030**'' के तहत आर. एन. टी. कॉलेज, कपासन द्वारा राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने तथा युवाओं को प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहभागिता के उद्देश्य से निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एस.एन.ए. जाफरी ने बताया कि निबन्ध प्रतियोगिता में शिक्षा संकाय में सेजल धाकड प्रथम रही वहीं कला व विज्ञान संकाय प्रथम वर्ष में कुसुम दगोलिया प्रथम रही, द्वितीय वर्ष में पंकज सुखवाल प्रथम रही वहीं तृतीय वर्ष में पार्वती कच्छावा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

निबन्ध प्रतियोगिता के निष्णात निर्णायक बी.एड. प्राचार्य डॉ. अनिल गोठवाल एवं सहा. आचार्य लक्ष्मी जाट थे वहीं भाषण प्रतियोगिता के निष्णात निर्णायक महाविद्यालय अकादमिक निदेशक शिवनारायण शर्मा, सहा. आचार्य डॉ. मधुबाला शर्मा व विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता परिहार थे।

कार्यक्रम प्रभारी हिन्दी विभागाध्यक्ष लक्ष्मी जाट ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में कला व विज्ञान संकाय प्रथम वर्ष में उर्मिला तिवारी , द्वितीय वर्ष में सोनू मेनारिया, तृतीय वर्ष में पूजा शर्मा प्रथम रही। जबकि शिक्षा संकाय प्रथम वर्ष में सेजल धाकड, निशा शर्मा व भेरूलाल माली प्रथम रहे। कार्यक्रम में उपाचार्य डॉ. ओ. पी. सुखवाल, सहा. आचार्य डॉ. मधुबाला शर्मा, राकेश जीनगर, हीरालाल अहीर, भवदेव, जयदेव आदि का सहयोग रहा।

प्राचार्य